# भौतिक अनुसंधान प्रयोगशाला, अहमदाबाद
# Physical Research Laboratory, Ahmedabad


## हिंदी कार्यशाला- जुलाई-सितंबर 2025 तिमाही

**Hindi Workshop – July-September 2025 Quarter**

जुलाई-सितंबर 2025 तिमाही की हिंदी कार्यशाला 17 जुलाई 2025 को 1430 बजे ऑनलाइन मोड में आयोजित की गई। इस हिंदी कार्यशाला में वक्ता के रूप में श्री एम.जी. सोम शेखरन नायर, संयुक्त निदेशक (रा.भा.), इसरो/अंतरिक्ष विभाग ने "हिंदी के प्रयोग संबंधी संशोधित संसदीय राजभाषा समिति की निरीक्षण प्रश्नावली एवं महत्वपूर्ण राजभाषा नियमों" आदि के विषय पर कार्यशाला दी। हिंदी कार्यशाला के प्रारंभ में श्रीमती रुमकी दत्ता, सहायक निदेशक (रा.भा.), ने स्वागत वक्तव्य दिया तथा सभी के द्वारा राजभाषा के प्रोत्साहन में योगदान के लिए आभार प्रकट किया। इसके बाद श्री प्रदीप कुमार शर्मा, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी ने वक्ता का परिचय दिया। इस हिंदी कार्यशाला में प्रशिक्षण प्राप्त करने पर सदस्यों को हिंदी संबंधी आंकड़ों का महत्व एवं उसकी तथ्यपरकता के विषय में विस्तृत जानकारी प्राप्त हुई। इस कार्यशाला में कुल 68 सदस्यों को नामित किया गया था।

प्रस्तुति के बाद, एक चर्चात्मक प्रश्नोत्तर सत्र हुआ, जिसका संचालन प्रो. सोम कुमार शर्मा द्वारा किया गया, माननीय प्रशिक्षक महोदय नें प्रतिभागियों के सभी प्रश्नों के उत्तर धैर्य पूर्वक दिए।

***कार्यशाला की कुछ झलकियां** Some glimpses of the workshop*




som shekharan nair m g
Som Kumar Sharma
HEMAL SHAH
अभिषेक उपाध्याय, यूएसओ
Tejas Sarvaiya
Rumkee Dutta
36 others
Sourabh Goyal